## महत्वपूर्ण एवं खास

### आईटी आई कुरूद में 13 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**धमतरी (आरएनएस)।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में संचालित मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत कोर्स लाईटमोटर व्हीकल ड्राईवर लेबल-3 एवं डोमेस्टीक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर में प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षक की आवश्यकता है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि उक्त कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा, अंकसूची, संबंधित में टीओटी प्रमाण पत्र की छायाप्रति और स्वयं के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन 13 जुलाई तक संस्था कार्यालय आई.टी.आई कुरूद में जमा कर सकते है।

### 2 अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन स्थित गेट नंबर 02 पास दो व्यक्ति अपने पास गांजा रखें है तथा कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम धर्मेन्द्र रावत एवं सतीश डोम जिला बाराबांकी उत्तर प्रदेश का निवासी होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 05 किलो 330 ग्राम गांजा कीमती लगभग 54,000 /- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 252/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### नए मंत्रियों के नाम जल्द आएगा सामने : सीएम साय

**रायपुर (आरएनएस)।** दिल्ली से रायपुर लौटे सीएम विष्णुदेव साय ने कहा, कल दिल्ली में छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा सांसदों की परिचयात्मक बैठक थी। जिसमें मैं और प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री और शिवप्रकाश भी उपस्थित रहे। बता दें कि कल सीएम साय देर शाम दिल्ली रवाना हुए थे। जानकारी के मुताबिक सीएम ने पीएम मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा से बैठक उपरांत मुलाकात की है। इस दौरान कैबिनेट विस्तार पर चर्चा भी हुई है। सीएम के बयान को देखते कयास लगाए जा रहे है कि जल्द ही कैबिनेट बिस्तार होने वाला है। नए मंत्रियों के नाम जल्द सामने आएंगे।

### एनआईए ने छापामार कर दो लोगों को किया गिरफ्तार

**कांकेर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने देर रात कांकेर जिले में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने आधा दर्जन स्थानों पर दबिश देकर गहन तलाशी ली। इस दौरान दो लोगों की गिरफ्तारी की है। साथ ही मोबाइल, प्रिंटर, नगदी और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किया है। यह पूरा मामला नक्सल मामले से जुड़ा है। बता दें कि एनआईए ने शुक्रवार की रात को माओवादियों की गिरफ्तारी और हथियार बरामदगी मामले में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कई स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान कांकेर जिले के आधा दर्जन स्थानों सुदूरवर्ती गांवों मुजालगोंडी, कलमुच्चे, आमाबेड़ा और जिवालमारी में तलाशी कर कई मोबाइल फोन, एक प्रिंटर और 39,100 रुपये की नकदी के साथ ही आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए मामले की जांच जारी रखे हुए है, जिसे स्थानीय पुलिस ने 5 फरवरी 2024 को दर्ज किया था और 22 फरवरी को एनआईए ने अपने कब्जे में ले लिया था। प्रारंभिक जांच में मामले में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई।

# भैरमगढ एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के 12 माओवादियों ने किया समर्पण

**❑ नेशनल पार्क एरिया कमेटी के 05 लाख की ईनामी पीपीसीएम एवं 01 लाख की ईनामी सीएनएम अध्यक्ष पति-पत्नि ने किया आत्मसमर्पण**

**❑ माओवादी संगठन में दाम्पत्य जीवन, पारिवारिक सुख से वंचित रहने एवं माओवादियों के जीवन शैली व विचारधारा से क्षुब्ध होकर किया समर्पण**



**बीजापुर । आरएनएस**

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज एवं उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, कोबरा 202, केरिपु 222 एवं 85वी वाहिनी के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छग. शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर भैरमगढ एरिया कमेटी, गंगालूर एरिया कमेटी एवं नेशनल पार्क एरिया कमेटी के निम्नलिखित माओवादियों ने दिनांक 29/06/2024 को उप महानिरीक्षक केरिपु देवेंद्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222 केरिपु विनोद मोहरिल, कमांडेंट 85वी वाहिनी व्ही. तुसिंग, कमांडेंट कोबरा 202,अमित कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सुदीप सरकार, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताडऩा से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

1.मुन्ना मोडिय़ाम पिता लखमू मोडियाम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोकरा गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत प्लाटून नम्बर 02 पीपीसीएम (प्लाटून पार्टी कमेटी मेम्बर) ईनाम 05.00 लाख, वर्ष 2007 से सक्रिय

2.जननी मोडिय़म पति मुन्ना मोडिय़म उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोकरा गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम नेशनल पार्क एरिया कमेटी सीएनएम अध्यक्ष, ईनाम- 01.00 लाख, वर्ष 2009 से सक्रिय

3.राजू पूनेम ऊर्फ अनिल पिता स्व0 आयतू पूनेम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम पुसनार डीएकेएमएस अध्यक्ष, ईनाम 01.00 लाख, 10.00 हजार ईनाम उद्घोषित, वर्ष 2005 से सक्रिय

4.नन्दु माड़वी पिता स्व0 हुंगा माडवी उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी कांवडग़ांव गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, नेशनल पार्क एरिया कमेटी अन्तर्गत पार्टी सदस्य, वर्ष 2015 से सक्रिय

5.कैलाश कारम पिता लक्खू कारम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी एड़समेटा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, एड़समेटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर, वर्ष 2015 से सक्रिय

6.जोगी मुचाकी ऊर्फ जोगी माड़वी पति नन्दु माड़वी उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी डोडीतुमनार काकड़ापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, नेशनल पार्क एरिया कमेटी सीएनएम सदस्या, वर्ष 2014 से सक्रिय

7.मंगू ऊर्फ गोडील हेमला पिता लखमू हेमला उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी गदामली लोहरापारा थाना जांगला जिला बीजापुर, गदामली आरपीसी मिलिशिया कमांडर, वर्ष 2015 से सक्रिय

8.चैतु पूनेम ऊर्फ आयतु पिता स्व0 सुकलु पूनेम उम्र 45 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया कमांडर, वर्ष 1997 से सक्रिय

9.रामलू पूनेम पिता स्व0 दुला पूनेम उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी ध्रुर्वापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - ग्राम पुसनार न्याय शाखा सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रिय

10.फागू पूनेम पिता स्व0 मंगू पूनेम उम्र 22 वर्ष निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन सदस्य, वर्ष्ज्ञ 2008 से सक्रिय

11.सुखलाल पूनेम ऊर्फ सुखराम पिता स्व0 सुकलु पूनेम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया पलाटून सी सेक्शन कमांडर, वर्ष 2008 से सक्रिय

12.बुधराम पूनेम ऊर्फ बाबू पिता स्व0 मंगू पूनेम उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंडीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम- ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2016 से सक्रिय

**मुन्ना मोडिय़ाम , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण :-**

वर्ष 2007 में मनकेली आरपीसी में बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ। वर्ष 2010 तक बाल संघम सदस्य के पद पर कार्य किया। वर्ष 2011 से 2016 तक सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य किया। वर्ष 2017 में पार्टी सदस्य के रूप में कार्य हेतु नेशनल पार्क एरिया में भेजा गया। 2021 तक नेशनल पार्क में पार्टी सदस्य के रूप में कार्य किया। वर्ष 2022 में प्लाटून नम्बर 02 में पीपीसीएम के पद पर कार्य हेतु भेजा गया।

**बड़ी घटनाओं में शामिल :-**

1.2018 में कर्रेमरका से कचलारम रोड निर्माण कार्य में लगी जेसीबी, ट्रेक्टर में आगजनी की घटना में शामिल

2.वर्ष 2021 में मारवाड़ा के जंगल में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल

3.वर्ष 2021 में ग्राम तालमेण्ड्री में पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में शामिल

4.वर्ष 2022 में अम्बेली से गटटापल्ली रोड में ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट कर पुलिस पार्टी पर हमला घटना में 01 जवाना शहीद

**जननी मोडिय़ाम , माओवादी संगठन में कार्य का विवरण:-**

वर्ष 2009 में करकावाड़ा आरपीसी में बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुई। वर्ष 2012 तक बाल संघम सदस्य के पद पर कार्य किया। वर्ष 2013 से 2015 तक सीएनएम सदस्य के पद पर कार्य किया। वर्ष 2016 में सीएनएम पार्टी सदस्य के रूप में कार्य हेतु नेशनल पार्क एरिया में कार्य दिया गया। वर्ष 2022 में नेशनल पार्क एरिया में सीएनएम अध्यक्ष के रूप कार्य दिया गया ।

**बड़ी घटनाओं में शामिल :-**

1.वर्ष 2021 में ग्राम तालमेण्ड्री में पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में शामिल

2.वर्ष 2022 में अम्बेली से गटटापल्ली रोड में ढ्ढश्वष्ठ ब्लास्ट कर पुलिस पार्टी पर हमला घटना में 01 जवाना शहीद

राजू पूनेम ऊर्फ अनिल, माओवादी संगठन में कार्य का विवरण:-

वर्ष 2005 में पुसनार आरपीसी में बाल संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ। वर्ष 2007 में डॉक्टर शाखा का सदस्य बनाया गया। वर्ष 2008 से नवम्बर 2014 तक पुसनार आरपीसी अन्तर्गत डॉक्टर शाखा अध्यक्ष के पद पर संगठन में कार्य किया। वर्ष 2018 में पुसनार आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य का कार्य दिया गया। वर्ष 2021 में डीएकेएमएस अध्यक्ष के पद पर कार्य दिया गया।

**बड़ी घटनाओं में शामिल :-**

1.वर्ष 2006 में बैलाडीला एनएमडीसी खदान में हमला जिसमें सीआईएसएफ के 07 जवना शहीद एवं शहीद जवान के हथियार एवं जिलेटिल लूट लिए गये।

2.जुलाई 2008 में गंगालूर मल्लापारा एवं गायतापारा निवासी सलवा जुडुम कार्यकर्ताओं की हत्या में शामिल

3.वर्ष 2018 में गंगालूर से पुसनार बददेपारा जाने वाली सडक़ पर जगह-जगह गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल

4.वर्ष 2019 में गंगालूर बददेपारा से बुरजी जाने वाली सडक़ पर जगह-जगह गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल

5.वर्ष 2022 में पुसनार से हिरोली जाने वाली सडक़ पर जगह-जगह गडढा खोदकर मार्ग अवरूद्ध करने की घटना में शामिल

6.वर्ष 2023 मं ग्राम मेटापाल एर्रापारा निवासी मंगली पूनेम एवं उसकी बेटी का हाथ पैर में रस्सी बांध कर पुसनार बड़ा नदी में फेंक दिये जिससे दोनो की मृत्यु हो गई।

**संगठन छोडऩे का कारण:-**

संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया। आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया।

## पुलिसकर्मी की पिटाई का विडियो वायरल, एक गिरफ्तार

**बिलासपुर । आरएनएस**



जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिसका विडियो सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है। विडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक व्यक्ति वर्दीधारी सिपाही की बीच सडक़ पर पिटाई कर रहा है। घटना का वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार रतनपुर क्षेत्र के चपोरा के पास दो दिन पहले दो पक्षों में मारपीट हुई थी इस दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। वही स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी डायल 112 को दी थी पर पुलिस वहां नहीं पहुंची। इसके कारण वहां उपस्थित इतवार सिंह पैकरा उसे अस्पताल लेकर जाने के लिए निकला था, तभी डायल 112 में पदस्थ आरक्षक महेंद्र राजवाड़े मौके पर पहुंचा। इसके बाद उसने इतवार सिंह पैकरा को अस्पताल जाने से रोक लिया, इतवार सिंह घायल को जल्द अस्पताल पहुंचाने की बात कहने लगा। इस पर आरक्षक महेंद्र राजवाड़े भडक़ गया और वर्दी की धौंस दिखाने लगा जिसपर घुस्से में आकर ईतवार सिंह ने पुलिसकर्मी को थप्पड़ जड़ दिया। जिसके बाद दोनों के बीच झूमाझटकी होने लगी, जिसके बाद उक्त मामला थाने पहुंचा जहां इतवार सिंह के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया गया। वहीं मामले में आरक्षक की शिकायत के बाद भी आरक्षक के खिलाफ अब तक कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है।

## मुख्य सचिव जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में संचालित विभिन्न केन्द्रीय परियोजनाओ के बारे में विस्तार से समीक्षा

**❑ केन्द्रीय परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण किया जाए - मुख्य सचिव**

**❑ परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और वन भूमि के संबंध में त्वरित कार्यवाही के लिए कलेक्टरों को दिए निर्देश**

**रायपुर । आरएनएस**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सडक़, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेल्वे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सडक़ परियोजनाओं के कार्यो के संबंध में जिलों के कलेक्टरों से जानकारी ली एवं परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और आवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह से कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में जहां मोबाइल टॉवर लगाना आवश्यक है वहां सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने कहा। बैठक में बिलासपुर-उरगा, बिलासपुर से पथरापाली, सिमगा से सारागांव बिलासपुर, 6 लेन रायपुर से विशाखापटनम्, धमतरी-कांकेर-बेडमा-दाहिकोंगा, सडक़ परियोजनाओं सहित अन्य सडक़ परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसी तरह से एनटीपीसी, रेलवे परियोजनाओं के अंतर्गत ईस्ट-वेस्ट रेलवे, साउथ ईस्ट कोल फिल्डस् लिमिटेड के अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्यों का विस्तार से जानकारी ली और इस संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए।

## 12 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**❑ जब्त गांजे की कीमत 1.2 लाख, बाइक भी जब्त**

**❑ थाना अर्जुनी पुलिस एवं सायबर टीम की कार्रवाई**

**रायपुर । आरएनएस**

धमतरी पुलिस द्वारा कानुन व्यवस्था एवं अपराधो के नियत्रंण एवं रोकथाम करने के साथ साथ समय समय पर पुलिस को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत् निगरानी रखी जा रही है।

इसी तारतम्य में थाना प्रभारी अर्जुनी को मुखबिर से सूचना मिली की श्याम तराई बाई पास रोड से मादक पदार्थ गांजा रखके दो व्यक्ति काले रंग बजाज पल्सर में जगदलपुर से धमतरी की ओर आ रहे हैं की सूचना पर तत्काल प्रभारी अर्जुनी एवं सायबर पुलिस टीम द्वारा ग्राम श्याम तराई के पास नाकाबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए बजाज पल्सर वाहन को रोककर जांच कार्यवाही की गई एक काले रंग के बजाज पल्सर एन एस 200 वाहन बिना नंबर को चेक किया गया, जिसमें एक व्यक्ति पल्सर चला रहा था एक व्यक्ति पीछे सीट में बैठा था जिससे नाम पूछने पर अपना- नाम 01. नागेश्वर कश्यप पिता आसमन कश्यप उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हली थाना भानपुरी जिला बस्तर (छ0ग0) 02 मंगलू राम बघेल पिता खेजा राम बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हली थाना भानपुरी जिला बस्तर(छ0ग0)। जब्ती सामान-(01) एक पि_ बैग जिसके अंदर 01 पैकेट में 07 किलो 141 ग्राम एवं दूसरे पैकेट में 05 किलो 140 ग्राम कुल मात्रा 12 किलो 281 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कुल जुमला किमती 1,22,000/- रुपये। एक प्रयुक्त बजाज पल्सर हस्-200 बिना नंबर प्लेट के किमती 1,80,000/- रूपये कुल जुमला 3,00,200/- रूपये जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना अर्जुनी में अपराध कमाक 207/24 धारा 20(बी)ढ्ढढ्ढ (बी) नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अर्जुनी निरीक्षक सन्नी दुबे,उनि. एल.एस.मंडलेश्वर,सउनि. राजेंद्र सोरी,प्रआर. श्रीआर यादव,लोकेश नेताम आरक्षक अनिल साहू, कमलेश कुमार,कुलदीप राजपूत एवं अर्जुनी थाना स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। [illegible]
- [illegible]

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
Address: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## केन्द्रीय परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण किया जाए - मुख्य सचिव

**❑ परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और वन भूमि के संबंध में त्वरित कार्यवाही के लिए कलेक्टरों को दिए निर्देश**

**रायपुर । आरएनएस**



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सडक़, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेल्वे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सडक़ परियोजनाओं के कार्यों के संबंध में जिलों के कलेक्टरों से जानकारी ली एवं परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और आवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह से कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में जहां मोबाइल टॉवर लगाना आवश्यक है वहां सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने कहा। बैठक में बिलासपुर-उरगा, बिलासपुर से पथरापाली, सिमगा से सारागांव बिलासपुर, 6 लेन रायपुर से विशाखापटनम्, धमतरी-कांकेर-बेडमा-दाहिकोंगा, सडक़ परियोजनाओं सहित अन्य सडक़ परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसी तरह से एनटीपीसी, रेलवे परियोजनाओं के अंतर्गत ईस्ट-वेस्ट रेलवे, साउथ ईस्ट कोल फिल्डस् लिमिटेड के अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्यों का विस्तार से जानकारी ली और इस संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए। इसी तरह से खनन परियोजनाओं के लिए सडक़, भूमि इत्यादि के लिए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ऋचा शर्मा, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह, पीसीसीएफ सुनील मिश्रा, राजस्व विभाग के सचिव अविनाश चम्पावत सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर और विभिन्न विभागों के अधिकाकरी शामिल हुए।